## बुकिंग के बावजूद उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहे सिलेंडर, बाजार में बढ़ी बैचनी

# गैस की किल्लत या कालाबाजारी?



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा जिले में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर अजीब स्थिति बनती दिखाई दे रही है। एक ओर सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। बुकिंग के कई दिनों बाद भी गैस की डिलीवरी नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों द्वारा बुकिंग तो ली जा रही है, लेकिन समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। कई उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने ऑनलाइन बुकिंग कराई, लेकिन कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिला। इससे आम परिवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो गई है।

इधर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे युद्ध और उससे जुड़ी खबरों का असर भी लोगों की मानसिकता पर पड़ता दिखाई दे रहा है। कई लोगों को यह आशंका सताने लगी है कि कहीं आने वाले समय में गैस की आपूर्ति प्रभावित न हो जाए। इसी डर के कारण कुछ लोग गैस सिलेंडरों का अतिरिक्त स्टॉक जमा करने लगे हैं। यही कारण है कि बाजार में गैस की कमी का माहौल बनता दिखाई दे रहा है।

हालांकि सरकार बार-बार स्पष्ट कर रही है कि गैस की उपलब्धता में किसी तरह की कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर जो हालात दिखाई दे रहे हैं, वे सरकारी दावों से अलग नजर आते हैं।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ गैस एजेंसियां जानबूझकर गैस की कमी का माहौल बना रही हैं, ताकि कालाबाजारी को बढ़ावा मिल सके।बताया जा रहा है कि कुछ स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में भी किया जा रहा है, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कई होटल और ढाबों में पहले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग किया जाता था, लेकिन अब गैस की उपलब्धता कम होने के कारण वहां फिर से लकड़ी और चूल्हे का सहारा लिया जाने लगा है। इससे एक ओर पर्यावरण पर असर पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर जंगलों से लकड़ी की मांग भी बढ़ने लगी है।




गौरतलब है कि सरकार ने घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के उपयोग के लिए अलग-अलग नियम और समय-सीमा तय की है। घरेलू सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए ही निर्धारित हैं, जबकि व्यावसायिक सिलेंडर होटल, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए होते हैं। लेकिन नियमों की अनदेखी कर कई स्थानों पर इनका गलत उपयोग भी किया जाता रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते गैस वितरण व्यवस्था पर सख्ती नहीं की गई तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। लोगों में गैस की कमी को लेकर जो भय का माहौल बन रहा है, उससे कालाबाजारी करने वालों को फायदा मिल सकता है।ऐसे में जरूरत है कि प्रशासन और संबंधित विभाग गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो। साथ ही घरेलू सिलेंडरों के दुरुपयोग पर भी सख्त कार्रवाई की जाए।

यदि प्रशासन इस दिशा में सख्ती से कदम उठाता है तो न केवल गैस की कालाबाजारी पर रोक लगेगी, बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। साथ ही लोगों में फैली अफवाहों पर भी विराम लगेगा और गैस की उपलब्धता को लेकर बना अनावश्यक भय का माहौल खत्म हो सकेगा।

## ओटीपी के अनुसार मिलेगा अब गैस सिलेंडर

**सौंसर।** सौसर क्षेत्र और उससे सटे ग्रामीण अंचलों में रसोई गैस की किल्लत ने विकराल रूप ले लिया है। आलम यह है कि महानगरों की तर्ज पर अब बोरगांव और मोहगांव हवेली जैसे क्षेत्रों में भी घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे होटल संचालकों को एक-एक सिलेंडर के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पिछले 5 दिनों से क्षेत्र में गैस की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव में गुरुवार और शुक्रवार को गैस की गाड़ी नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीण दिन भर परेशान रहे। उपभोक्ताओं का आरोप है कि अब मोबाइल के जरिए गैस बुकिंग करने में भी तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। वहीं, जिन उपभोक्ताओं ने 10 दिन पहले एडवांस बुकिंग कराई थी, उन्हें भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, मोहगांव हवेली क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसी के खिलाफ शिकायतों का अंबार लगा हुआ है, लेकिन सुधार के नाम पर शून्य है। ग्रामीणों ने बताया कि एजेंसी की गाड़ियां ग्रामीण अंचलों में 10 किलोमीटर के दायरे तक भी सेवा नहीं दे रही हैं। मजबूरी में उज्ज्वला योजना और सामान्य कनेक्शन धारकों को मीलों पैदल या निजी वाहनों से एजेंसी पहुंचना पड़ रहा है। घंटों इंतजार के बाद भी जब सिलेंडर नहीं मिलता, तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ता है।क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने एक गंभीर आरोप लगाया है कि गैस कंपनी और एजेंसी द्वारा घर तक सिलेंडर पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, इसके बावजूद रसीद में 'डिलीवरी शुल्क' वसूला जा रहा है।नियमों की अनदेखी कर भोले-भाले ग्रामीणों से अतिरिक्त वसूली की जा रही है। पिछले करीब एक सप्ताह से गैस बुकिंग को लेकर परेशान हो रहे उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, तकनीकी खराबी के चलते पिछले 6 दिनों से मोबाइल के जरिए गैस बुकिंग की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित थी। इस समस्या के कारण न तो उपभोक्ताओं की बुकिंग हो पा रही थी और न ही उन्हें वितरण के लिए आवश्यक ओटीपी मिल पा रहा था।गैस एजेंसी संचालकों ने चर्चा के दौरान बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अब तकनीकी समस्या को सुलझा लिया गया है। इंडेन गैस की बुकिंग सेवाये फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गई है। अब सभी पात्र हितग्राहियों को ओटीपी के आधार पर ही सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा। गैस एजेंसी प्रबंधकों ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने आते समय अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर और उस पर प्राप्त ओटीपी साथ लेकर अवश्य आएं। बिना वेरिफिकेशन के सिलेंडर प्रदान नहीं किया जाएगा। सिलेंडर लेने के बाद उपभोक्ताओं अगली बुकिंग केवल 25 दिनों के बाद ही करा सकेंगे। इससे पहले रिफिल की बुकिंग संभव नहीं होगी।




## अनगढ़ हनुमान मंदिर होगा बजरंग दल नगर मिलन केंद्र, बजरंग दल के नगर मिलन केंद्र की नई शुरुआत





**छिंदवाड़ा:-** आज दिन शनिवार के दिन बजरंग दल संयोजक नरेंद्र पटेल, बजरंग दल सहसंयोजक रविराज भारद्वाज द्वारा छिंदवाड़ा में एक नए नगर मिलन केंद्र की शुरुआत की गई जो की नगर के हृदय स्थल अंगद हनुमान मंदिर में संगठन की अचार पद्धति के साथ हनुमान चालीसा पाठ कर समापन किया जिसमें बजरंग दल के विभाग संयोजक शैलष यदुवंशी विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह शामिल हुए साथ में सैकड़ो बजरंगीयों ने हनुमान चालीसा पाठ कर हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियां तेजः हनुमान मंदिर में हुआ समिती कार्यालय का शुभारंभ



**सौंसर।** आगामी 26 मार्च को नगर में आयोजित होने वाले भव्य श्रीराम जन्मोत्सव की पूर्व तैयारियों को लेकर शुक्रवार को श्रीराम जन्मोत्सव समिति के नए कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया।सिविल लाइन्स स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पंडित गौतम महाराज शास्त्री के सानिध्य में विशेष पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ कार्यालय का श्रीगणेश किया गया।कार्यालय शुभारंभ के पश्चात समिति के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष अजय अढ़ाऊ, मारुति लोणारे,उदय ढाले ने बताया कि आयोजन की भव्यता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए समिति के सदस्यों को विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं, नगर के प्रमुख चौराहों पर आकर्षक स्थायी झांकियां और शोभायात्रा के दौरान साथ चलने वाली सजीव झांकियों का निर्माण,शोभायात्रा के मार्ग, स्वागत मंच और अनुशासन व्यवस्था,प्रचार-प्रसार, आदि को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई है।इस अवसर पर समिति के संजय राठी, इंदरचंद्र डागा,संजय जायसवाल,ओम बागानी,भूषण कापसे,आदि थे।

## जिला जेल में 'स्पर्श मुलाकात' का आयोजन, 200 बच्चों ने परिजनों से की खुली मुलाकात

**छिन्दवाड़ा।** जिला जेल छिंदवाड़ा में आज 'स्पर्श मुलाकात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के तहत जेल में निरुद्ध बंदियों के 14 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता-पिता व परिजनों से खुली मुलाकात कराई गई। कार्यक्रम के दौरान बंदियों को उनके बच्चों के सामने डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल पटेल एवं जेल अधीक्षक श्री प्रतीक कुमार जैन द्वारा अपराध से दूर रहने, जेल से रिहा होने के बाद समाज की मुख्यधारा से जुड़ने और एक अच्छे नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा बच्चों को कागज और कलम भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गईं। 'स्पर्श मुलाकात' कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चों ने अपने माता-पिता व परिजनों से खुलकर मुलाकात की। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री पटेल, जेल अधीक्षक श्री प्रतीक कुमार जैन, जेल उप अधीक्षक श्री ज्ञानांशु भारती सहित समस्त जेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सांसद के प्रयासों से 3 मरीजों को मिली 1 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** सांसद श्री साहू के प्रयासों से 3 मरीजों को 1 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि मिलने से तीनों मरीजों का नागपुर के प्राईवेट अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिन्दवाड़ा के ग्राम दरियाकलां निवासी बुधमान पिता अमरलाल धुर्वे को 50 हजार, परासिया निवासी शेख अलायबा पिता शेख आशिक को 30 हजार एवं छिन्दवाड़ा के ग्राम कालीछापर निवासी मोहम्मद जैद अंसारी पिता मोहम्मद साहिल को 50 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ति मरीजों का नागपुर के प्राईवेट अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा।

## पंचशील कॉलोनी में शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

### नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, अक्टूबर में दिया गया था नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वार्ड क्रमांक 41 की पंचशील कॉलोनी स्थित शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को शनिवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए हटा दिया। बताया गया कि माया पाटिल, पति दिनेश पाटिल द्वारा उक्त भूमि पर बकरी पालन कर कब्जा कर रखा गया था।



इस कारण उस स्थान पर प्रस्तावित आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य लंबे समय से प्रारंभ नहीं हो पा रहा था।नगर निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा इस संबंध में अक्टूबर माह में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर शनिवार को नगर निगम अमले ने राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया, जिससे अब आंगनवाड़ी भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस दौरान तहसीलदार महोदया के साथ नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, निगम के कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन का बल मौजूद रहा।

## एलपीजी गैस आपूर्ति समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित, टोल फ्री नंबर जारी

**छिन्दवाड़ा।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति से संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हरेंद्र नारायन के आदेशानुसार जिला आपूर्ति शाखा, छिंदवाड़ा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 07162-243409 निर्धारित किया गया है, जिस पर नागरिक एलपीजी गैस से संबंधित अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। जारी आदेश के अनुसार कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी दो पालियों में लगाई गई है, जिससे निर्धारित समय में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। सायंकाल प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग एवं जानकारी प्रस्तुत करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि शिकायतों पर नियमित निगरानी रखी जा सके। आदेश में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कार्यालय में नियमानुसार पंजी संधारित किया जाए, जिसमें प्राप्त प्रत्येक शिकायत का विवरण, कारण तथा उसके निराकरण की स्थिति अंकित की जाएगी और प्रतिदिन नोडल अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी। एलपीजी गैस से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नागरिक कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## टक्कर मारकर लूट की वारदात करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

### 11 लाख की सामग्री जब्त, अमरवाड़ा थाना क्षेत्र का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अमरवाड़ा क्षेत्र से मोबाइल विक्रय की वसूली रकम लेकर लौट रहे एक युवक के साथ टक्कर मारकर लूट की वारदात करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नकदी सहित करीब 11 लाख रुपये की सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार साईधाम कॉलोनी सोनपुर रोड निवासी कमलेश सूर्यवंशी (37) 27 फरवरी 2026 की रात करीब 9:35 बजे अमरवाड़ा और हर्रई क्षेत्र से मोबाइल बिक्री की वसूली के लगभग 2 लाख 53 हजार 400 रुपये लेकर एक्टिवा क्रमांक MP 28 SC-3824 से छिंदवाड़ा लौट रहे थे। वसूली की रकम उन्होंने स्कूटी की डिक्की में रखी थी। जब वे झिरी जमुनिया स्थित दिल्ली दरबार ढाबा के पास मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी एक कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। संतुलन बिगड़ने से कमलेश सड़क किनारे गिर गए। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक पहुंचे और उनमें से एक आरोपी उनकी एक्टिवा लेकर भाग निकला। बाकी आरोपी भी मोटरसाइकिल से बनगांव की ओर फरार हो गए।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कुंडीपुरा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय के निर्देशन में गठित टीम ने घटना स्थल और छिंदवाड़ा–नरसिंहपुर रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अमरवाड़ा क्षेत्र से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में रघु उर्फ यशवंत वर्मा, रामकुमार उर्फ मोनू वर्मा, प्रद्युम्न उर्फ विस्तु वर्मा (ग्राम सकरवाड़ा), विजय अहरवार (ग्राम रानीकामथ) और संदीप भलावी शामिल हैं। आरोपियों से 2 लाख 1 हजार रुपये नकद, लूटी गई एक्टिवा, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, एक स्विफ्ट कार तथा पांच मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

पूरे मामले की कार्रवाई में थाना प्रभारी कुंडीपुरा उपनिरीक्षक महेंद्र भगत, चौकी प्रभारी धरमटेकरी उपनिरीक्षक अविनाश पारधी सहित पुलिस टीम और साइबर सेल की विशेष भूमिका रही।

## वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार गत दिवस कलेक्टर हरेंद्र नारायन के कुशल मार्गदर्शन में गत दिवस गोधूली वृद्धा आश्रम छिंदवाड़ा में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण विषय पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिप्टी कलेक्टर एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सुश्री राजनंदिनी सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल पटेल, विधिक सहायता अधिकारी श्री रजनीश चौरसिया, वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष श्री हरनाम भट्टी सहित संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 10 करोड़ 95 लाख 94 हजार 283 रुपये से अधिक के अवॉर्ड हुए पारित

## सुलह एवं सहमति से नेशनल लोक अदालत में निपटे 1472 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से 14 मार्च 2026 को वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई और तामिया में किया गया।




कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री हुद्दार द्वारा अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। नेशनल लोक अदालत में 37 खंडपीठों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें मोटर दुर्घटना के 46 प्रकरणों में 2,63,75,617 रुपये, चेक बाउंस के 232 प्रकरणों में 5,53,68,184 रुपये, विद्युत अधिनियम के 12 प्रकरणों में 1,45,949 रुपये तथा अन्य सिविल प्रकृति के 39 प्रकरणों में 62,03,594 रुपये के अवॉर्ड पारित किए गए। इसी प्रकार अन्य प्रकृति के 86 प्रकरणों में 1,24,81,379 रुपये के अवॉर्ड पारित हुए।

इसके अतिरिक्त राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरणों के 171, पारिवारिक विवाद के 99, श्रम विवाद का 1 तथा यातायात चालान के 100 प्रकरण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निराकृत किए गए। इस प्रकार न्यायालयों में लंबित कुल 786 प्रकरणों का दोनों पक्षों की सहमति से राजीनामा कर अंतिम निराकरण किया गया। वहीं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक बकाया वसूली के 21 प्रकरणों में 23,86,405 रुपये, नगर निगम/नगरपालिका के जलकर के 242 प्रकरणों में 11,69,445 रुपये, विद्युत विभाग के 265 प्रकरणों में 30,45,121 रुपये तथा संपत्तिकर के 158 प्रकरणों में 17,61,989 रुपये की वसूली हुई। इस प्रकार कुल 1472 प्रकरण आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत किए गए, जिनमें 10,95,94,283 रुपये से अधिक की अवॉर्ड राशि पारित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश श्री राकेश सिंह ने सफल नेशनल लोक अदालत के आयोजन पर समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा पक्षकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रशासन के पास जमा मठ के 40 लाख, फिर भी रुका निर्माण कार्य

# आस्था का अपमान, कब तक 'टेंट' में विराजेंगे इष्टदेव श्री गणेश?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

"मठ केवल ईंट-पत्थरों का भवन नहीं, हमारी सदियों पुरानी विरासत है, यह कहना है मठ के पास निवास करनेवाले बुजुर्ग नंदकिशोर जोशी, जामसांवली पदयात्रा समिति के अध्यक्ष मनोज गुडधे, विवेक मानकर और संदीप बांदरे का ''। नगरजनों को लगता है कि प्रशासन इस सबंध में तकनी की बाधाओं को दूर कर भवन निर्माण शुरू करवाए जिससे आगामी गणेशोत्सव में श्री गणेश प्रतिमा को स्थापित किया जा सके। " आज भले ही वक्त बदल गया हो और पांढुर्णा का विस्तार हो गया हो, लेकिन श्री गणेश मठ को लेकर पांढुर्णा की गलियों में बसी आस्था आज भी उतनी ही गहरी है। गुजरी बाजार क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक गणेश मठ (जिसे कुछ लोग लिंगायत मठ भी कहते हैं) सदियों से नगरवासियों की श्रद्धा का केंद्र रहा है। लेकिन विडंबना देखिए, जिस इष्टदेव ने सबको छत दी, वह स्वयं पिछले दो वर्षों से एक 'टेंट' में विराजमान होने को मजबूर हैं।



### खजाने में जमा 40 लाख, फिर भी काम बंद

नगरवासियों में इस बात को लेकर गहरा रोष है कि संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद प्रशासन उदासीन बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मठ की 40 लाख रुपये से अधिक राशि शासन के पास जमा है। दूसरी तरफ मठ के फाउंडेशन का काम दो साल पहले ही पूरा हो चुका है। शहरवासियों की भावना यह है कि प्रशासन सकारात्मक पहल करे, तो इस राशि से निर्माण कार्य को गति दी जा सकती है।

### अगले गणेशोत्सव तक तैयार हो अपना घर

पांढुर्णा के नागरिकों और गणेश भक्तों ने जिला प्रशासन व एसडीएम से पुरजोर अपील की है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस विवाद का तत्काल निराकरण किया जाए। श्रद्धालुओं का कहना है कि प्रशासन बीच का रास्ता निकाले ताकि जमा राशि का सदुपयोग हो सके और आगामी गणेशोत्सव तक भगवान श्री गणेश अपने भव्य और नवनिर्मित मठ में ससम्मान विराजित हो सकें।

### विवाद की भेंट चढ़ी श्रद्धा

मठ और समिति के बीच चल रहे एक छोटे से विवाद ने पिछले दो सालों से निर्माण कार्य पर ब्रेक लगा दिया है। कलेक्टर और एसडीएम स्तर पर लंबित इस विवाद के कारण 5000 स्क्वेयर फीट में फैले इस मठ का काम फाउंडेशन स्तर पर ही ठप पड़ा है। आलम यह है कि उत्सव दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा को मठ के भीतर स्थान नहीं मिल पा रहा है और श्रद्धालुओं को अस्थायी टेंट में स्थापना करनी पड़ रही है।

## भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर एवं पार्षद पवन सूर्यवंशी ने किया निरीक्षण



**परासिया।** भीषण गर्मी एवं गिरते जल स्तर को देखते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर एवं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पवन सूर्यवंशी ने पेंच नदी के एनीकट कैचमेंट एरिया का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर में जल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए ।निरीक्षण के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों को निर्देशित किया , कि एनीकट के पास पानी रोकने के लिए गड्ढे खोदकर पानी एकत्रित किया जाए , ताकि नगर में पानी की आपूर्ति को बनाए रखा जा सके । उनके निर्देश पर कर्मचारियों द्वारा तत्काल जेसीबी मशीन बुलाकर कैचमेंट एरिया के पास दो गड्ढे खोदे गए और उनमें पानी एकत्रित करने की व्यवस्था की गई ।इसके पश्चात उन्होंने खिरसाडोह संपवेल का भी निरीक्षण किया । वहां कर्मचारियों को निर्देश दिए गए , कि जो बोरवेल बंद पड़े हैं उन्हें जल्द से जल्द चालू किया जाए तथा जिन बोरवेल की मोटर खराब है , उन्हें भी शीघ्र दुरुस्त कर चालू किया जाए । ताकि गर्मी के इस मौसम में अधिक से अधिक जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके ।जनप्रतिनिधियों ने बताया , कि वर्तमान समय में जलस्तर काफी कम हो गया है और पेंच नदी में बने डेम भी लगभग सूख चुके हैं , जिसके कारण नगर में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है । इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि नगर के सभी वार्डों में अधिक से अधिक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और नागरिकों को जल संकट का सामना न करना पड़े ।

## टीईटी परीक्षा शिक्षकों के साथ अन्याय, आंदोलन की चेतावनी

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, जिला पांढुर्णा ने प्रदेश सरकार से शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग की है। संगठन ने मुख्यमंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करते हुए स्पष्ट किया कि, वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे अनुभवी शिक्षकों पर पुनः पात्रता परीक्षा थोपना न्यायसंगत नहीं है। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला पांढुर्ना के संरक्षक चंद्रशेखर इंगले ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि, विभाग में दशकों का अनुभव रखने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों की योग्यता पर प्रश्नचिह्न लगाना अनुचित है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी पहले से ही अपनी दक्षता सिद्ध कर चुके हैं, उन्हें इस परीक्षा की परिधि में लाना उनके मानसिक और सेवा संबंधी हितों के साथ खिलवाड़ है। चंद्रशेखर इंगले ने शासन को अवगत कराया कि कर्मचारी संगठन सदैव शासन के साथ सकारात्मक समन्वय का पक्षधर रहा है। किंतु यदि शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता को समाप्त करने के विषय में शीघ्र ही सहानुभूतिपूर्वक निर्णय नहीं लिया जाता, तो कर्मचारियों के पास अपने स्वाभिमान और हितों की रक्षा हेतु आंदोलन के मार्ग पर आगे बढ़ने के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं रहेगा। संगठन ने मुख्यमंत्री महोदय से विनम्र अपेक्षा की है कि वे अनुभवी शिक्षक संवर्ग की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस परीक्षा की बाध्यता को समाप्त करने के आदेश प्रसारित करेंगे। मांग कर्ताओं में रामगोपाल भोयर जिला अध्यक्ष, शेष राव रेवतकर, शत्रुघ्न मस्तकर, सुनील येवले, ज्ञानेश्वर जिचकार, संजय डाबरे, रविन्द्र कोहले, मधुकर चौधरी, राहतें सर, प्रकाश खवसकर, प्रदीप डोबले आदि प्रमुख है।

## आज राजाखोह जाटवा ढाना में होगा गोंडवाना समाज का सामाजिक सम्मेलन



**सिंगोड़ी**:- 24 वर्षों से निरंतर चला आ रहा है गोंडवाना सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम जो इस बार दिनांक 15 मार्च 2026 दिन रविवार को संपन्न होना है। छिंदवाड़ा जिले के नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहाके एवं सिंगोड़ी सरपंच कपिल ठाकुर ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के सिंगोड़ी ग्राम के पेंच नदी के समीप ग्राम राजाखोह जाटवा ढाना में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निरंतर 24 वा वर्ष होने पर संपूर्ण गोंडवाना समाज ग्राम राजाखोह जाटबा ढाना में राजा जाटवा शाह की जन्मस्थली पर उक्त कार्यक्रम निरंतर आयोजित हो रहा है। जिसकी संपूर्ण तैयारिया आयोजक समिति द्वारा जोर-शोर से की जा रही है और समस्त सगा समाज को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है साथ ही इस कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कलाकार सहित सामाजिक लोग पारंपरिक वेशभूषा के साथ एकत्रित होंगे और विशाल रैली सिंगोड़ी बस स्टैंड से होते हुए राजाखोह ढाना पहुंचेगी जहां पर सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के साथ वैवाहिक सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे ।समिति के सदस्यों ने बताया कि वैवाहिक सम्मेलन कार्यक्रम में आयोजक समिति की ओर से प्रत्येक वर वधु के जोड़े को 21000 रुपए की नगद राशि और उपयोगी सामग्री समाज के आशीर्वाद स्वरूप भेंट किए जाएंगे। आयोजक समिति ने समस्त गोंडवाना समाज के सदस्यों से एवं जिलेवासियों से अपील की है कि वह इस गोंडवाना सम्मेलन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे साथ ही इस सम्मेलन कार्यक्रम में रात्रि कालीन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। एवं सभी लोगों के लिए बैठक एवं भोजन आदि की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। इस हेतु समिति ने समस्त जिलेवासियो से इस विशाल सम्मेलन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वाहन किया है।

## ग्रामीण जनों को बीमारियों के रोकथाम एवं सम्पूर्ण टीकाकरण की दी जानकारी

**छिंदवाड़ा।** स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा छिंदवाड़ा विकास खंड के सेक्टर क्रमांक 03 के ग्राम माल्हनवाडा के आंगनबाड़ी मे जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के.निर्देशन मे कुपोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर जागरुकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता श्यामल राव ने उपस्थित ग्रामीण जनो को बताया की गर्मियों के सीजन मे बिमारियो से बचने के लिए उपाय बताये गये । अपने ग्राम एवं घरो को स्वच्छ बनाये रखे गंदगी ना होने दे, गंदे पानी मै अनेको बैक्टीरिया पाये जाते हे जिसके पीने से उल्टी दस्त हो सकता है, तीन दिन से अधिक रुके पानी मे मच्छर का लार्वा भी आसानी से पनपते हे जो मलेरिया जेसे गंभीर बीमारी को उपज देते हे। पेय जल के स्त्रोत को सुरक्षित रखने हैंडपंप के आसपास साफ रखने ओर शोकपीठ का निर्माण कर बेहते जल का संरक्षण करे । घरो पर भोजन या पानी पीने से पेहले अपने हाथो को साबुन से अवश्य धोये , बासा भोजन खाने एवं बाहर की खाद्धय सामग्री खाने से बचने की सलाह दी गई । सी एच ओ सोमकुंवर ने 0 से पांच साल के बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण करवाने पर जोर दिया ताकि सात होने वाली गंभीर बीमारियों से निजात पा सकते है,वही दस्तक अभियान के तहत हर बच्चे का टीकाकरण, दस्त लगने वाले बच्चों को जिंक ,ओ आर एस ओर बिटामिन ए की दवा पिलाने का कार्य करने मे सामाजिक कार्यकर्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।



## सिविल न्यायालय परिसर में हुआ नेशनल लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के निर्देशन में 14 मार्च को सिविल न्यायालय परिसर चौरई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती पुष्पा तिलगाम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चौरई द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री धर्मेन्द्र खंडायत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चौरई, सुश्री निधि लारिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चौरई, श्री शारदा प्रसाद तिवारी, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ चौरई, श्री पंकज सिंह ठाकुर ए.डी.पी.ओ. श्रीमती आशु इरपाचे ए.डी.पी.ओ, अध्यक्ष अधि.संघ चौरई, श्री अभय सिंह मुख्य नगरपालिका अधिकारी चौरई, श्री जितेन्द्र निवारे अधि.,श्री निशांत शर्मा अधि., अधि., श्री चंद्रजीत सिं ह ठाकुर अधि. एवं अन्य अधिवक्तागण तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण, बैंक के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त लोक अदालत में गठित खंडपीठ क्रं. 21 श्रीमती पुष्पा तिलगाम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चौरई के न्यायालय से 199 प्रकरण रेफर किए गए थे जिसमें प्रकरण 16 का निराकरण हुआ। जिसमें 54 व्यक्ति लाभावित हुए। एवं 9,00,000/-रूपये की राशि का समझौता हुआ। बैंक के प्रीलिटिगेशन प्रकरण 2412 रखे गए थे जिसमें 08 प्रकरण निराकृत हुए और 1,064,500/-रूपये की राशि की वसूली प्राप्त हुइ।



## पुलिस जांच में जुटी-24 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मानसिक रुप से विक्षिप्त 24 वर्षीय युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चिरचिरा भजियापार की है। शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे मृत युवती के शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चिरचिरा निवासी गुलाब सिंह वरकड़े की 24 वर्षीय पुत्री रविना वरकड़े ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 13 मार्च की शाम की है। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था पूरा परिवार रोजी-रोटी कमाने और कृषि से जुड़े कार्य के लिए गया हुआ था। शाम को जब परिवार के सभी सदस्य घर लौटे तो युवती का शव घर पर ही फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। देर शाम पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की मर्ग कायम किया और शनिवार को शव का पीएम करवाकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### वार्डों में भ्रमण कर भवन नम्बरिंग एवं अन्य कार्यों का लिया जायजा

## भोपाल के प्रभारी अधिकारी ने जनगणना 2027 फील्ड कार्य का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

भारत सरकार गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार जनगणना 2027 का कार्य प्रारंभ हो चुका है। भारत में जनगणना एक वृहद कार्य है। इसे दुनिया के सबसे बड़े प्रशासनिक कार्यों में से एक माना जाता हैं। भारत की जनगणना 2027 देश की प्रथम डिजीटल जनगणना होगी। जिसमें मोबाईल एप के माध्यम से डेटा संकलन किया जायेगा। पूर्व की जनगणना की भांति जनगणना 2027 भी दो चरणो मे सम्पन्न की जायेगी। जिसमें प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश के लिए 01 मई से 30 मई 2026 तक 30 दिनो की अवधि में तथा द्वितीय चरण 01 फरवरी से 28 फरवरी 2027 में कराया जावेगा।



जनगणना 2027 के लिए संदर्भ तिथि 01 मार्च 2027 के 00.00 बजे होगी। जिसका तात्पर्य यह है कि जनसंख्या के आंकड़े 01 मार्च 2027 के 00.00 बजे की स्थिति के अनुसार होंगे। 01 मई से 30 मई 2027 के मध्य प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य हेतु कार्यवाही युद्ध स्तर पर प्रारंभ की जा चुकी है। जिसके तहत जिला स्तर पर चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण 19 एवं 20 फरवरी को सम्पन्न हो चुका है। सभी निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भवन नम्बरिंग एच एल बी गठन का कार्य प्रारंभ है।

इसी अनुक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से बालाघाट जिले के लिये प्रभारी अधिकारी रोहित पाण्डे द्वारा वारासिवनी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर फिल्ड पर चल रहे भवन नम्बरिंग कार्य एवं जनगणना संबंधी अन्य कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा समस्त कार्यों को 2 दिवस में पूर्ण करने निर्देशित किया गया है।

जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से आये प्रभारी अधिकारी रोहित पाण्डे के साथ फील्ड कार्य का निरीक्षण हेतु सूर्यप्रकाश उके मुख्य नगर पालिका अधिकारी, श्रीमती वन्दना कुशराम तहसीलदार, तीरथ प्रसाद अक्षरिया नायब तहसीलदार, दिलीप कुमार डोंगरे राजस्व निरीक्षक नजूल, तरूण कुमार बिसेन राजस्व निरीक्षक नजूल बालाघाट, अमोल कुमार देशपाण्डे जनगणना लिपिक, राकेश कुमार सोनी पटवारी एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।

## वीरांगना रानी अवंती बाई महाविद्यालय खैरलाँजी द्वारा मनाया गया सेवा दिवस



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत वीरांगना रानी अवंती बाई महाविद्यालय खैरलाँजी द्वारा सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन ग्राम घुबडग़ोंदी में किया गया। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा डिजिटल इंडिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में ग्राम में रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश बनोटे पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत खैरलॉजी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और छात्र-छात्राओं को डिजिटल इंडिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य सत्यवान बघेले, डॉ एस के अब्दुल समीम, कार्यक्रम प्रभारी रोहित कुमार पांडे, वीरेंद्र कुमार पटले, श्रीमती शालिनी मेश्राम, विक्रांत रंधावा, कुमारी शिखा डहरवाल, सुनील तिवारी सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### गर्मी बढ़ते ही जंगल से बाहर दिखने लगे वन्य प्राणी

## कैमरे में कैद हुआ तेंदुआ : केराटोला-धारमारा मार्ग पर रात में दिखा तेंदुआ

### बढ़ाई जाएगी गश्त, ग्रामीणों को दी जाएगी सतर्कता की समझाईश: एसडीओ

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** तहसील क्षेत्र लांजी के वन परिक्षेत्र (पूर्व) अंतर्गत आने वाले ग्राम केराटोला में शनिवार रात लगभग 10 बजे केराटोला और धारमारा के बीच सड़क किनारे एक तेंदुआ दिखाई दिया। रात में इस मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने तेंदुए को देखकर तुरंत अपने मोबाइल कैमरे में उसका वीडियो कैद कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों में यह चर्चा तेज हो गई कि क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी अब लगभग पुख्ता हो चुकी है। दरअसल, ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ ही जंगलों में तापमान बढऩे और कई स्थानों पर पानी के स्रोत कम होने के कारण वन्य प्राणी अक्सर ठंडे और खुले स्थानों की तलाश में जंगल की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़क किनारे या ग्रामीण इलाकों तक दिखाई दे जाते हैं। विशेषकर रात के समय जब वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा होता है, तब उनकी गतिविधियां अधिक देखी जाती हैं। ऐसे में ग्रामीणों और राहगीरों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता रहती है। वहीं इस विषय में प्रभारी एसडीओ राकेश कुमार अड़कने से दूरभाष पर संपर्क किया गया। जिस पर उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए बताया कि वन विभाग इस सूचना को संज्ञान में लेकर सुरक्षा की दृष्टि से वन क्षेत्रों में गश्त बढ़ाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वन्य प्राणी जंगलों की सीमा में ही रहें। उन्होंने कहा कि ग्राम केराटोला, धारमारा सहित आसपास के गांवों में ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि रात के समय जंगल किनारे या सुनसान सड़कों पर अनावश्यक आवागमन से बचें, किसी भी वन्य प्राणी के पास जाने या उसे छेडऩे का प्रयास न करें, वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखें, बच्चों और पालतू पशुओं को रात में बाहर न छोड़ें तथा यदि कहीं वन्य प्राणी दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। फि लहाल केराटोला और आसपास के क्षेत्र में तेंदुए के दिखने की घटना ने लोगों को सतर्क कर दिया है। अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर भी टिकी है कि वन विभाग की गश्त और निगरानी व्यवस्था जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी साबित होती है।



**रेंजर का उदासीन रवैया बरकरार:** पहले इस संबंध में जब वन परिक्षेत्र (पूर्व) के परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक जाट से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से यह शिकायत भी सामने आती रही है कि रेंजर स्तर से न तो मीडिया को आवश्यक जानकारी साझा की जाती है और न ही किसी घटना के संबंध में समय पर प्रतिक्रिया मिलती है। जिम्मेदारी के पद पर बैठे अधिकारी की यह उदासीनता कई बार सवाल खड़े करती है कि आखिर जनहित से जुड़े विषयों में संवाद से दूरी क्यों बनाई जाती है।

## निमटोला में पेवर ब्लॉक का खेल! दो महीने से अधूरा काम, घटिया निर्माण पर ठेकेदार-अफसरों की चुप्पी

### सड़क पर महीनों से पड़ा मटेरियल, आवागमन में परेशानी-वार्डवासियों ने गुणवत्ता जाँच और कार्रवाई की उठाई मांग

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 14 निमटोला में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य को लेकर गंभीर लापरवाही और गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। करीब डेढ़ से दो महीने से चल रहा यह निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेवर ब्लॉक लगाने के नाम पर उन्हें गुमराह किया जा रहा है, जबकि मौके पर न तो ठेकेदार दिखाई देता है और न ही नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी। निर्माण स्थल पर महीनों से मिट्टी नुमा रेत, गिट्टी और अन्य सामग्री सड़क के बीचों-बीच डाली हुई है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। इसके बावजूद नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।



**घटिया सामग्री के उपयोग के आरोप:** वार्डवासियों का आरोप है कि पेवर ब्लॉक के निर्माण में मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा मिट्टी नुमा रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह निर्माण कार्य किया गया तो आने वाले समय में पेवर ब्लॉक धंसने या उखडऩे का खतरा बना रहेगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य में निर्धारित आईएसआई मानकों और तकनीकी नियमों का पालन किया जाना चाहिए, लेकिन यहां ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।

**इंजीनियरों की निगरानी पर भी सवाल:** नगर परिषद के इंजीनियरों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। वार्डवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी नहीं की जा रही है और इंजीनियर मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता की जांच भी नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि निर्माण की चौड़ाई और मोटाई कहीं कम तो कहीं ज्यादा दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर तकनीकी निरीक्षण होता तो इस तरह की खामियां सामने नहीं आतीं।

**दो माह से अधूरा काम, जनता परेशान:** बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 14 निमटोला में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य ठेकेदार खेमराज उमरे को दिया गया है। लेकिन करीब दो महीने से यह काम अधूरा छोड़ दिया गया है। साइट पर न तो ठेकेदार की मौजूदगी दिखती है और न ही नगर परिषद के अधिकारी दिखाई देते हैं। ऐसे में श्रमिक अपने अनुभव के आधार पर ही काम कर रहे हैं। वार्डवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि गुणवत्ता में गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उसका टेंडर निरस्त किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह निर्माण कार्य आने वाले समय में बड़ी समस्या बन सकता है।

## खबर संक्षेप

### गोवंश के तीन आरोपियों ने न्यायालय में सरेंडर किया तीन आरोपियों को 2 दिन की पुलिस रिमांड में लिया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घटना दिनांक 10/3/26 को चौकी बादलपार एक घर में गोमांस होने की सूचना थी घटना की जानकारी मिलते ही थाना कुरई की टीम मौके पर पहुँचे एवं घर से 126 किलो गोमांस ज़ब्त किया गया था प्रकरण में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था जिनका नाम शाहरुख खान,अकबर एवं यूसुफ ख़ान था ।

प्रकरण में आरोपियों के घर एव रिश्तेदारों से गहनता से पूछताछ की गई जिसके चलते आज दिनांक 13/3/26 को माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष तीन आरोपियों ने गिरफ्तारी हेतु समर्पण किया जिनके नाम 1.अब्दुल वाहिद 2. अजीज उर्फ अबरार 3. जाकिर पिता मोह शब्बीर उक्त तीनो आरोपियों का 2 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है उ प्रकरण में अन्य दो आरोपी मोहम्मद वकील एवं अब्दुल अलीम फरार है जिनकी गिरफ़्तारी के प्रयास जारी है।

### महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत गणित-विज्ञान विभाग एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान प्रदर्शनी एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मंगल विश्वकर्मा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडलों एवं परियोजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं अन्य विषयों से जुड़े नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए गए।

### जीवन में ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है- स्वामी इंदुभावानंद

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जीवन में ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब मनुष्य अपने जीवन में कठिनाइयों, संकटों और अनेक प्रकार की बाधाओं का सामना करता है, तब भगवान का स्मरण उसके मन को धैर्य, साहस और नई ऊर्जा प्रदान करता है।

उक्ताशय के प्रवचन दण्डी स्वामी श्री इंदुभावानंद जी ने पांजरा में चल रही भागवत कथा के दौरान कही, स्वामी जी ने कहा कि जीवन के अनेको बार विपरीत परिस्थितियों के कारण मनुष्य स्वयं को कमजोर और असहाय समझने लगता है, परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं होता। यदि मनुष्य के भीतर सत्य, श्रद्धा और विश्वास की भावना दृढ़ हो, तो उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं रहता। जो व्यक्ति सच्चे मन और निष्कपट भाव से भगवान का स्मरण करता है, उसे जीवन में आत्मविश्वास और आंतरिक शांति प्राप्त होती है। ईश्वर किसी न किसी रूप में अपने भक्तों की सहायता करते हैं और उन्हें सही मार्ग का ज्ञान कराते हैं। वे मनुष्य के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करते हैं। स्वामी जी कहा कि मानव जीवन सुख और दुख का संगम है। जीवन में कभी प्रसन्नता आती है तो कभी कठिनाइयाँ सामने खड़ी हो जाती हैं, परन्तु जो व्यक्ति धैर्य, संयम और विश्वास के साथ अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ता है, वही अंततः सफलता और सम्मान प्राप्त करता है। इसलिए कठिन परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपने मन को स्थिर रखते हुए ईश्वर पर विश्वास बनाए रखना चाहिए। मनुष्य का वास्तविक धर्म उसके कर्मों में निहित होता है। सदैव अच्छे और पुण्य कर्म करने वाला व्यक्ति ही समाज में आदर और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। उसके आचरण और व्यवहार से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है और समाज में सकारात्मकता का वातावरण बनता है।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद कुरई की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया

**हरिभूमि न्यूज कुरई।**

पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह ने आरईएस विभाग के अधिकारियों एवं जनपद पंचायत कुरई के अधिकारियों के साथ जनपद कुरई की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया।

आज सिवनी जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह ने आरईएस विभाग के अधिकारियों एवं जनपद पंचायत कुरई के अधिकारियों के साथ जनपद कुरई की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया।





निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम रैयाराव में शासन की महत्वाकांक्षी योजना “एक बगिया माँ के नाम” के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया तथा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया , मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ कुरई में प्रस्तावित बाजार सराय सह मैरिज हॉल कॉम्प्लेक्स, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास प्रस्तावित गार्डन एवं ओपन जिम, तथा बस स्टैंड में प्रस्तावित नए बस स्टैंड भवन के लिए भूमि का निरीक्षण भी किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदया ने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना तथा जनसुविधाओं को बेहतर बनाना है।

## कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई, अग्रोहा लॉन व साई रेसिडेंसी से घरेलू सिलेंडर जब्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



/कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग पर प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। पूर्व में लॉन संचालकों एवं केटरर्स की बैठक लेकर घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग न करने की समझाइश भी दी गई थी।

इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान अग्रोहा लॉन एवं साईं रेसिडेंसी में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जाना पाया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए राजस्व एवं खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दोनों स्थानों से 1-1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला प्रशासन द्वारा रेस्टोरेंट, लॉन संचालक, केटरर्स सहित सभी व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं से अपील की गई है किसी भी स्थिति में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न करें। गैस के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करे।

# बंडोल पुलिस ने तीन साल से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में फरार आरोपियो की धरपकड हेतु अभियान चलाकर थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. मनोज जंघेला द्वारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से त्वरित कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 13.03.26 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थायी वारंटी मायाराम उइके सब्जी मार्केट सिवनी में घूम रहा है। जो तत्काल टीम भेजकर आरोपी स्थायी वारंटी मायाराम पिता सुकल उइके उम्र 36 साल निवासी गोरखपुर थाना बंडोल जिला सिवनी को गिरफ्तार किया गया। जो आरोपी मायाराम के विरूध्द थाना बंडोल के अतिरिक्त थाना छपारा एवं थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर में स्थायी वारंट लंबित है।

### इधर बंडोल पुलिस ने 12 घंटे के भीतर अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के किया सुपूर्द

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा,एसडीओपी सिवनीसचिन परते के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. मनोज जंघेला व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से त्वरित कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान अंतर्गत अधिक से अधिक अपहृत बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी के निर्देश दिये गये है।

दिनांक 13.03.2026 को प्रार्थी आशाराम पिता लक्ष्मीचंद सनोडिया उम्र 42 साल निवासी लामटा ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लडकी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने कि रिपोर्ट पर थाना बंडोल में अप.क्रं. 72/26 धारा 137(2) बी.एन.एस.का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। जो त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर अपहता को सघन तलाश के बाद दिनांक 13.03.2026 को दस्तयाब कर सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया।

# आंगन में कबर बीज्जू घुसने से मचा हडक़ंप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले के छपारा नगर में शुक्रवार रात एक घर के आंगन में कबर बीज्जू घुसने से हडक़ंप मच गया। खेरमाई मंदिर के पास रहने वाले प्रदीप के घर में यह घटना हुई, जिससे परिवार और आसपास के लोग घबरा गए।

शुक्रवार रात घर के सदस्यों ने आंगन में हलचल महसूस की। ध्यान से देखने पर सीढिय़ों के नीचे एक कबर बीज्जू बैठा मिला। वन्य जीव को देखते ही परिवार के सदस्य घबरा गए और सुरक्षित दूरी बनाते हुए घर से बाहर आ गए। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों और वन विभाग को इसकी सूचना दी।



### सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची

सूचना मिलते ही वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा। वन विभाग के कर्मचारी उदय ऊईके अपने साथियों के साथ कुछ ही देर में प्रदीप के घर पहुंचे। टीम ने सबसे पहले भीड़ को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी और स्थिति का जायजा लिया।

मशक्कत के बाद वन विभाग ने कबर बीज्जू को पकड़ा

रेस्क्यू टीम ने पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ कबर बीज्जू को पकडऩे की कार्रवाई शुरू की। कुछ देर की मशक्कत के बाद टीम ने उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई थी। वन विभाग के कर्मचारियों ने भीड़ को दूर रहने और शोर न करने की समझाइश दी, ताकि रेस्क्यू कार्य में कोई बाधा न आए।

### रेस्क्यू के बाद बीज्जू को जंगल में छोड़ा

रेस्क्यू सफल होने के बाद, वन विभाग की टीम ने कबर बीज्जू को एक सुरक्षित कंटेनर में रखा। उसे नगर से दूर जंगल क्षेत्र में ले जाकर प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया गया। वन विभाग की इस त्वरित और सतर्क कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई वन्य जीव आबादी वाले क्षेत्र में दिखाई दे तो घबराएं नहीं। तुरंत विभाग को सूचना दें, ताकि वन्य जीवऔर लोगों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी के सानिध्य में होगा गृह प्रवेश अनुष्ठान

### 17 मार्च को ग्राम पल्ला में शोभायात्रा, प्रवचन व महाप्रसाद भंडारे का आयोजन



**धनौरा।** सिवनी जिले के विकासखंड धनौरा अंतर्गत ग्राम पल्ला में 17 मार्च 2026 को अशोक राय, संतकुमार राय, भव्य गृह प्रवेश अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम अनंतश्री विभूषित काशी धर्मपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजक अशोक राय (जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद )ने बताया कि 17 मार्च को सुबह 10 बजे महाराज श्री का आगमन होगा, जिसके उपरांत ग्राम पल्ला में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महाराज श्री के श्रीमुख से धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। प्रवचन के पश्चात दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद भंडारे का आयोजन रखा गया है, जो श्रद्धालुओं के आगमन तक निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम की विशेष बात यह है कि महाराज श्री का रात्रि विश्राम भी इसी नवीन गृह में होगा, तथा 18 मार्च की प्रातः गुरु जी बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से सहपरिवार उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा नागपुर मंडल के सिवनी - नैनपुर रेलखंड का किया गया व्यापक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

दपूमरे, नागपुर मंडल - 14 मार्च 2026 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले सिवनी - नैनपुर रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिवनी, नैनपुर स्टेशन तथा नैनपुर–केवलारी सेक्शन का विशेष रूप से जायजा लिया।



इस अवसर पर नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शहडोल–नागपुर एक्सप्रेस (11202) के रियर एसएलआर (ब्रेकयान) का एक पहिया नैनपुर–केवलारी रेलखंड में (खैररांजी प. ह.) के पास पटरी से उतर गया था। इस घटना के मद्देनज़र महाप्रबंधक द्वारा स्वयं संबंधित रेलखंड का निरीक्षण कर रेल संरचना, ट्रैक की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने ट्रैक की गुणवत्ता, रेल पथ के अनुरक्षण कार्य, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग की स्थिति, सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्था, स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं तथा यात्री सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घटना के कारणों एवं उसके पश्चात किए गए सुधारात्मक उपायों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। तरुण प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेल संरचना के अनुरक्षण में उच्चतम मानकों का पालन किया जाए तथा ट्रैक, सिग्नलिंग एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की नियमित एवं गहन जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेल परिचालन, संरक्षा संबंधी पहलुओं तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए रेल सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नागपुर मंडल के इंजीनियरिंग, वाणिज्य, परिचालन, सिग्नल एवं दूरसंचार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों की सुरक्षित, सुगम एवं भरोसेमंद रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का शानदार समापन, विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का जादू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का शानदार समापन उत्साह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने गायन, नृत्य और विभिन्न कलात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज का समय जीवन का स्वर्णिम समय होता है। इस अवधि में शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कारों को आत्मसात करना ही असली सफलता है। उन्होंने कहा कि 18 से 28 वर्ष की आयु जीवन की दिशा तय करती है, इसलिए इस समय सही मार्ग का चयन करना अत्यंत आवश्यक है।

विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों के निर्माण में माता-पिता और गुरुजनों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, इसलिए सभी को अपने जन्मदाताओं और शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय मुनमुन, भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन तथा अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन वंदन के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन ने की।

## प्रशासन की अनदेखीः चमारी खुर्द मार्ग पर गायब हुई पटरी, हादसों को दे रही न्योता

छपारा- नगर के मोती नाला के पास स्थित चमारी खुर्द क्षेत्र को जोडने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। सडक़ के किनारे की पटरी (साइड शोल्डर) पूरी तरह से गायब हो चुकी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार बीते वर्षा काल में तेज पानी के बहाव के कारण सडक़ किनारे की मिट्टी और पटरी का बड़ा हिस्सा बह गया था। तब से लेकर अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। सडक़ और कच्ची जमीन के बीच गहरा अंतर बन जाने से विशेषकर रात के समय दुपहिया वाहन चालकों के फिसलने और गड्ढे में गिरने की आशंका बनी रहती है। यह मार्ग छपारा नगर मुख्यालय को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जोडने वाला



प्रमुख रास्ता है, जहां दिन-रात वाहनों का आवागमन बना रहता है। हैरानी की बात यह है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी भी गुजरते हैं, इसके बावजूद समस्या की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है। सडक किनारे पटरी न होने से हो रही परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को शीघ्र ही सडक की पटरी बनवाकर आवागमन को सुरक्षित बनाना चाहिए।

## सडक़ हादसे में दो व्यक्ति घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्यारत नाका के पास शुक्रवार रात सडक़ हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत के कारण हुआ, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार, एक बाइक सवार लूघरवाड़ा गांव की ओर से सिवनी आ रहा था, जबकि दूसरा बाइक सवार बारापत्थर की दिशा से लूघरवाड़ा जा रहा था। ज्यारत नाका के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सडक़ पर गिर पड़े। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा हादसे में सुरेंद्र उइके (40) और एक अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें गंभीर हालत में भर्ती किया गया है। दूसरे घायल व्यक्ति के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि बाइकों की भिड़ंत की सूचना मिली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

# सिवनी पुलिस की ‘सृजनात्मक’ गतिविधियों की राज्य स्तर पर सराहना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के नेतृत्व में जिले की ‘सृजन’ टीम ने ‘संबल फोरम 2026 भोपाल में की प्रतिभागिता।

मध्यप्रदेश,पुलिस महानिदेशक महोदय श्री कैलाश मकवाना सर के शुभ कर कमलों से निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे और मातृशक्ति संगठन श्रीमती सीमा चौहान को सम्मानित किया गया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय (सामुदायिक पुलिसिंग) पुलिस मुख्यालय भोपाल विनीत कपूर द्वारा सृजनात्मक कार्यों की यूनाइटेड नेशन सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के परिप्रेक्ष्य में उक्त कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रशंसा पत्र प्रेषित किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवाचार ‘सृजन’ और सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में की गई बेस्ट प्रैक्टिसेज (उत्कृष्ट कार्यों) के सम्मान व समीक्षा हेतू भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज भोपाल में ‘यूनाइटेड नेशन जनसंख्या कोष व ‘कोडी’ इंस्टिट्यूट के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम ‘संबल-2026’ सेलिब्रेटिंग सोशल वर्क इन जस्टिस सेक्टर में जिले से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, सूबेदार जितेंद्र रावतकर, आर. नारायण ठाकरे और मातृशक्ति संगठन से श्रीमती सीमा चौहान,श्रीमती मधुरिमा सक्सेना, कु. कृति श्रीवास्तव, मार्गिक फाउंडेशन से कु. शिवानी,श्रीमती अनुराधा सिंह,कनक फाउंडेशन से प्रभाकर बिसेन और श्रीमती नमिता बोपचे ने जोरदार प्रतिभागिता दर्ज की।

सभी को संबल 2026 शील्ड से सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सर से चर्चा के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा द्वारा सिवनी में चल रहे ‘सृजन’ गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया, डीजीपी महोदय के पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा किए जा रहे नवाचारों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और उत्साह से कार्य करने पर खुशी व्यक्त की गई।

# कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में लॉन संचालकों और केटरर्स की बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिले के लॉन संचालकों और केटरर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह उपस्थित रहीं। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की बुकिंग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इस संबंध में सभी संचालकों को अवगत कराते हुए गैस सिलेंडर के स्थान पर उपलब्ध वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट, शादी-समारोह और अन्य आयोजनों में भोजन बनाने के लिए भट्टी, इंडक्शन, इलेक्ट्रिक उपकरण सहित अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग किया जा सकता है, जिससे ईंधन की खपत को कम किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती पटले ने यह भी कहा कि आयोजनों में ऐसे व्यंजनों को प्राथमिकता दी जाए जिनमें कम ईंधन का उपयोग होता हो। इससे ईंधन की खपत कम होगी और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा। उन्होंने सभी लॉन संचालकों और केटरर्स से शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग करने की अपील की।

### घरेलू सिलेण्डर के व्यावसायिक उपयोग पर होगी कार्यवाही

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि व्यावसायिक गतिविधियों में घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि किसी स्थल पर घरेलू सिलेण्डर का उपयोग पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अवगत कराया कि गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम के लिए जिले में फ्लाइंग स्क्वॉड एवं कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। ये टीमें लगातार औचक निरीक्षण करेंगी और स्थिति पर निगरानी रखेंगी। यदि कहीं भी गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी, जमाखोरी या नियमों के उल्लंघन की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राम बकोड़ा में CSC सेंटर से 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

# लालबर्रा में भारत गैस एजेंसी की संयुक्त जांच, सिलेंडरों की गड़बड़ी पर प्रकरण दर्ज

### प्रतिबंध के बाद भी 132 व्यावसायिक सिलेंडरों का विक्रय किया जाना पाया गया

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जिले के लालबर्रा में गैस सिलेंडरों के वितरण में अनियमितता की शिकायत पर प्रशासन द्वारा संयुक्त जांच की गई, जिसमें कई गड़बड़ियां सामने आई हैं।

13 मार्च को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार एवं नायब तहसीलदार लालबर्रा द्वारा लालबर्रा स्थित फिजा भारत गैस एजेंसी की संयुक्त जांच की गई। जांच के दौरान एजेंसी में खाली घरेलू 14 किलोग्राम के 41 सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के व्यावसायिक गैस सिलेंडरों में 9 खाली सिलेंडर कम पाए गए।

जांच में यह भी सामने आया कि व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के विक्रय पर रोक लगने के बावजूद एजेंसी संचालक द्वारा 11 और 12 मार्च 2026 को कुल 132 व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का विक्रय किया गया। इसके अलावा एक ही प्रतिष्ठान को एक से अधिक व्यावसायिक सिलेंडर बेचे जाने की भी पुष्टि हुई।

मौके पर गैस एजेंसी के संचालक और प्रबंधक के विरुद्ध पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के 9 मार्च 2026 के आदेश तथा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत प्रकरण तैयार किया गया है।

इसी दौरान तहसील लालबर्रा अंतर्गत ग्राम बकोड़ा में स्थित मेश्राम सीएससी सेंटर की जांच के दौरान 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जांच के समय संचालक द्वारा सीएससी सेंटर से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। प्रशासन ने मामले में आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।



#### वन परिक्षेत्र उत्तर सामान्य लामता परसवाड़ा के मोहगांव बीट की घटना

# मोहगांव के जंगल में दो नर भालू की मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वन परिक्षेत्र उत्तर लामता सामान्य के अंतर्गत मोहगांव बीट कक्ष क्रमांक 1208/9 के जंगल में शनिवार को दो नर भालू उम्र करीब तीन माह मृत हालत में पाए गए। दोनों भालू की मौत आपसी संघर्ष से होना सामने आई है। वन विभाग ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया। पशु चिकित्सक टीम से पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार, सुबह के समय जंगल में वनकर्मी गश्त कर रहा था। तभी उसने मोहगांव बीट में दो भालू को मृत हालत में देखे गए। जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। दरअसल, वन परिक्षेत्र उत्तर लामता सामान्य के अधिकांश जंगल कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के कारीडोर व पेंच की सीमा से लगे है। जिससे यहां के जंगल में बाघ, तेंदुआ, बायसन, भालू, हिरण, चीतल के अलावा अन्य वन्य प्राणी बहुतायत में हैं। इन वन्य प्राणियों के कई बार सड़क पर भी राहगीरों को दर्शन हो जाते है। एसडीओ तरुण डहरीया ने बताया कि सुबह के समय मोहगांव बीट में वनकर्मी गश्त कर रहा था। इसी दौरान उसने दो भालू को मृत हालत देखा गया। प्रथम दृष्टया दोनों भालू की मौत आपसी संघर्ष से होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम के बाद बिसरा ले लिया गया है जिसे फारेंसिक लैब जांच करने के लिए भेजा जाएगा। वहां से रिपोर्ट आने के बाद और स्पष्ट हो जाएगा कि दोनों भालू की किन कारणों से मौत हुई है। भालू की मौत के बाद से सभी बीट के वनकर्मियों को अपने क्षेत्र में गश्ती करने के निर्देश दिए गए है।





#### घर-घर पहुंचा शुद्ध पानी

# खैरा गांव में नल-जल योजना से जलप्रदाय शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की लामता तहसील के ग्राम खैरा में लंबे इंतजार के बाद नल-जल योजना से जलप्रदाय शुरू हो गया है। अब गांव के घरों में नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचने लगा है, जिससे ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पानी की समस्या का समाधान हो गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उईके ने बताया कि खैरा गांव में नल-जल योजना का कार्य पिछले करीब दो वर्षों से चल रहा था। योजना के अंतर्गत पानी की टंकी निर्माण, पाइप लाइन बिछाने तथा घर-घर नल कनेक्शन देने का कार्य पहले ही पूर्ण कर लिया गया था।

हालांकि बिजली का कार्य शेष रहने के कारण जलप्रदाय शुरू नहीं हो पा रहा था। इस पर विभाग द्वारा ठेकेदार को शेष विद्युत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे। अब बिजली का कार्य पूरा होने के बाद 14 मार्च से गांव में नल-जल योजना के माध्यम से जलप्रदाय शुरू कर दिया गया है।

घर-घर नल से शुद्ध पानी मिलने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले उन्हें पानी के लिए काफी दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब घर पर ही पानी मिलने से उनकी रोजमर्रा की परेशानी काफी कम हो गई है।

नल-जल योजना के शुरू होने से गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलने के साथ ही समय और श्रम की भी बचत हो रही है। ग्रामीणों ने योजना शुरू होने पर प्रशासन और विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।



#### उरुवेला बुद्ध विहार में धम्मदेशना एवं संघदान का आयोजन

# 20 मार्च को श्रीलंका के पूज्य भंते यश थेरो का बालाघाट होगा आगमन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वैश्विक अशांति और युद्ध के वर्तमान दौर में भगवान बुद्ध की शांति और करुणा की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से, श्रीलंका की पवित्र महामेवना बौद्ध मोनेस्ट्री के पूज्य भंते यश थेरो जी का आगमन आगामी 20 मार्च 2026 को बालाघाट की पावन धरा पर होने जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 20 मार्च को प्रातः 10:30 बजे बूढ़ी क्षेत्र से एक विशाल धम्म रैली (रथ एवं बाइक द्वारा) निकाली जाएगी। यह रैली बस स्टैंड और कालीपुतली चौक से होते हुए अंबेडकर चौक पहुँचेगी, जहाँ पूज्य भंते जी द्वारा परम पूज्य डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात रैली जय स्तंभ होते हुए अर्पित भवन स्थित 'उरुवेला बुद्ध विहार' पहुँचेगी। अर्पित भवन परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पूज्य भंते जी के मुखारविंद से भगवान बुद्ध के मंगलमय वचनों पर आधारित धम्मदेशना (उपदेश) होगी। उनकी मधुर वाणी से प्राप्त ज्ञान जीवन की पीड़ाओं के निवारण और सुख प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस पावन अवसर पर संघदान का विशेष कार्यक्रम भी संपन्न होगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक पुण्य लाभ का अवसर है।कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष वसंत वागदे ने कहा कि वर्तमान समय में बुद्ध की शिक्षाएं और भी अधिक प्रासंगिक हो गई हैं। इस अवसर पर भोजनदान का भी आयोजन किया गया है। जिले की समस्त जनता और धम्म उपासकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक समागम को सफल बनाने की अपील की है।



# अपहरण-रेप केस में दोषी को 20 साल की जेल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट कोर्ट ने नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी दीपक मरकाम को 20 साल की सजा सुनाई। शनिवार को विशेष न्यायाधीश गौतम सिंह मरकाम की अदालत ने 22 वर्षीय आरोपी पर 5,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

घटना 8 अप्रैल 2023 की है, जब नाबालिग लड़की कपड़े खरीदने के बहाने घर से निकली थी और लापता हो गई थी। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने तलाश शुरू की और करीब एक महीने बाद 10 मई को उसे गौनाझोला से बरामद किया। पूछताछ में लड़की ने बताया कि दीपक उसे पसंद करता था और शादी करना चाहता था। वह उसी के बुलावे पर घर से निकली थी।

नाबालिग ने पुलिस को बताया कि दीपक उसे पहले उमरिया ले गया और फिर नागपुर पहुंचा। नागपुर के एक मंदिर में उसने लड़की से शादी की और उसे पत्नी बनाकर रखा। जब 9 मई को दीपक उसे लेकर अपने गांव गौनाझोला पहुंचा, तो उसके माता-पिता ने दोनों को साथ रखने से मना कर दिया। इसके बाद ही पुलिस ने लड़की को संरक्षण में लिया।

पुलिस ने दीपक के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। विशेष लोक अभियोजक आरती कपले ने इस मामले में मजबूती से पक्ष रखा। कोर्ट ने पेश किए गए सबूतों और लड़की के बयानों को आधार मानते हुए दीपक को दोषी करार दिया और 20 साल की जेल की सजा सुनाई।

# कटंगी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक, बच्चों के वजन अभियान को लेकर दिए निर्देश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा 12 मार्च 2026 की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार बाल विकास परियोजना कटंगी के अंतर्गत परिक्षेत्र कटंगी में 14 मार्च को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक तिरोड़ी, महकेपार, बोनकट्टा तथा खजरी सेक्टरों में आयोजित की गई, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र रानाडे ने बताया कि बैठक में कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे मार्च माह में चल रहे वजन अभियान के अंतर्गत सभी बच्चों का सही तरीके से वजन और ऊंचाई की माप लें तथा इसकी जानकारी पोषण ट्रैकर ऐप में शुद्धता के साथ दर्ज करें। इसके साथ ही नवीन चिन्हित सेम (गंभीर कुपोषित) एवं मेम श्रेणी के बच्चों का मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत पंजीयन कर उनका नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर भी जोर दिया गया।

#### 21 जनवरी तक CNG, 22 जनवरी से CBG गैस की हो रही बिक्री

# देवटोला के वैनगंगा ऑटोमोबाईल्स पेट्रोल पंप की जांच, CNG की जगह CBG गैस विक्रय की पुष्टि

### शिकायत के बाद प्रशासन की टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट देवटोला स्थित वैनगंगा ऑटोमोबाईल्स पेट्रोल पंप के संबंध में प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर शनिवार 14 मार्च 2026 को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच नायब तहसीलदार बालाघाट, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बालाघाट एवं राजस्व अमले के हल्का पटवारी द्वारा पेट्रोल पंप प्रबंधक श्री दीपक बजाज पिता अशोक बजाज की उपस्थिति में की गई।

जांच के दौरान प्रबंधक श्री दीपक बजाज ने बताया कि वैनगंगा ऑटोमोबाईल्स पेट्रोल पंप पर इंडियन ऑयल कंपनी लिमिटेड द्वारा मेघा गैस के नाम से जुलाई 2025 में CNG गैस विक्रय के लिए स्टेशन स्थापित किया गया था। जुलाई 2025 से 21 जनवरी 2026 तक यहां CNG गैस का विक्रय किया गया, जबकि 22 जनवरी 2026 से लगातार CBG गैस का विक्रय किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि CNG के स्थान पर CBG गैस उपलब्ध होने की जानकारी CNG उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के व्हाट्सएप ग्रुप में 22 जनवरी 2026 को ही संदेश के माध्यम से साझा कर दी गई थी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि इंडियन ऑयल कंपनी लिमिटेड द्वारा मेघा गैस के साथ टाईअप कर CNG गैस का विक्रय शुरू किया गया था और CNG या CBG गैस की आपूर्ति कंपनी स्तर से ही तय की जाती है, जिसमें पेट्रोल पंप प्रबंधन का कोई हस्तक्षेप नहीं होता।

जांच के दौरान मौके पर गैस भरवाने आए नागपुर निवासी वाहन चालक श्री प्रीतम जांगड़े (वाहन क्रमांक MH 49 CL 5065) से भी अधिकारियों ने चर्चा की। उन्होंने बताया कि वे CNG गैस भरवाने आए थे, लेकिन CNG उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्होंने स्वेच्छा से CBG गैस भरवाई।

निरीक्षण के दौरान फ्यूलिंग स्टेशन पर CBG गैस लिखा हुआ पाया गया। पूरे मामले का मौके पर पंचनामा तैयार कर जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत कर दिया गया है।



### पिकअप वाहन ने कार को मारी टक्कर

**कटंगी।** कटंगी बालाघाट मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम अगासी और उमरी के बीच रेलवे फाटक के पास में सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क के किनारे खड़ी कार को टक्कर मार दी। गनीमत की बात यह रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त कार में कोई भी मौजूद नहीं था। अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी। पिकअप ने कार को इतनी जोरदार टक्कर मारी की कार सड़क से कुछ फीट दूर चली गई। सड़क हादसा शुक्रवार की दिन रात करीब साढ़े 11 के आसपास हुआ है। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 घटना स्थल पर पहुंची। बताया जा रहा है की पिकअप वाहन क्रमांक एम एच 36 एफ 1625 ने सड़क किनारे खड़ी कार क्रमांक एम एच 32 एएच 0648 को टक्कर मार दी। कार से आने वाले लोगों ने बताया कि वह एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम उमरी आये हुए है।

# व्यवहार न्यायालय में हुई वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत

#### दर्जनों लोगों को मिला सीधा न्याय, लाखों रुपए की हुई वसूली

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राणेश कुमार प्राण और सचिव सतीश शर्मा के निर्देशन में व्यवहार न्यायालय कटंगी में 14 मार्च शनिवार को इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सुबह साढ़े 10 बजे न्यायालयीन समय पर खण्डपीठ क्रमांक 13 की पीठासीन अधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्रीमती नेहा ठाकुर के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के.एस. पटले, राजकुमार नंदागौरी, जितेन्द्र ठाकुर, श्रीमती प्रणीता भूरे, टोपेश ठाकरे, न्यायिक कर्मचारी मधुसुदन नागेश्वर, समीर बिसेन, हितेन्द्र गढ़पाल, बसंत टेंभरे, मुकेश उके, देवेन्द्र ठाकरे, मुरलीधर गौतम, उमेश भगत, श्रीमती हेमलता चौधरी, सुनील डाकरे, सना खान, सरवन हथगैया, कोर्ट मोहर्रिर छत्रपाल बघेल, अजय खंडाते सहित अन्य अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के समस्या कर्मचारी और सभी विभागों के अधिकारी और पक्षकार उपस्थित।

शाम 05 बजे तक नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 17 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिससे 40 लोगों को लाभ मिला। पारिवारिक विवाद से संबंधित 14 लंबित प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 25 लोग लाभान्वित हुए। धारा 138 चेक बाउंस के 01 प्रकरण का 50 हजार रुपये की राशि में राजीनामा कर निराकरण हुआ। जिसमें 02 लोगों का विवाद समाप्त हुआ। बैंकों के वसूली के लंबित प्रकरणों में 20 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 18 लाख 41 हजार रुपये की वसूली की गई, नगर परिषद के जल कर के 19 प्रकरणों का निराकरण कर 98 हजार 670 रुपये की राशि वसूली की गई, संपत्ति कर के 06 प्रकरणों में 25 हजार 196 रुपये और नजूल के 02 प्रकरणों का निराकरण 40 हजार 682 रुपये की राशि वसूली की गई।



# अवैध रेत खनन रोकने प्रशासन सख्त, मार्ग अवरुद्ध किया, रेत से भरा ट्रैक्टर जब्त

#### किरनापुर के बटरमारा में बिना रॉयल्टी रेत परिवहन करते ट्रैक्टर पकड़ा

### सरण्डी में जेसीबी से रास्ता खोदकर बंद किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 14 मार्च 2026 को तहसील वारासिवनी अंतर्गत ग्राम सरण्डी में स्वीकृत रेत खदान क्षेत्र की ओर जाने वाले मार्ग को जेसीबी से गड्ढा खोदकर अवरुद्ध कर दिया गया। यह कार्रवाई इसलिए की गई ताकि रेत समूह खदानों के समर्पण के बाद स्वीकृत क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध खनन या परिवहन की गतिविधि न हो सके।

वहीं तहसील किरनापुर अंतर्गत ग्राम बटरमारा में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान एक सोनालिका ट्रैक्टर क्रमांक MP50-ZB- 6444 को ट्रॉली सहित रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक धनलाल पिता सावनलाल सिंघनधूपे निवासी कारियादंड से रेत परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज और रॉयल्टी मांगी गई, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि वैध दस्तावेज और रॉयल्टी न होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली को विधि अनुसार जब्त कर कलेक्टर कार्यालय की खनिज शाखा परिसर में खड़ा कराया गया है। मामले में मध्यप्रदेश अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।





## कार्यालय ग्राम पंचायत उकवा

विकासखण्ड-परसवाड़ा, तह. परसवाड़ा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

//बाजार नीलामी आम सूचना//

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए साप्ताहिक बैठकी बाजार एवं दैनिक गुजरी सोमवार की आम नीलामी दिनांक 01-04-2026 से 31-03-2027 तक के लिए दिनांक 18-03-2026 दिन बुधवार को दोपहर 12.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत उकवा में की जायेगी । इच्छुक ठेकेदार निश्चित दिनांक व समय पर उपस्थित होवें । बोली लगने के पूर्व बाजार व दैनिक हेतु अमानत राशि रुपये 100000/- शब्दों में एक लाख रुपये अग्रिम जमा करानी होगी तथा सफल बोली बोलने वाले को तुरंत नीलामी पश्चात सफल बोली की 25 प्रतिशत राशि जमा करना होगा एवं एक सप्ताह के अन्दर 1000/- स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र लिखना अनिवार्य है।

*नीलामी की शर्तें : कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर कार्यालय ग्राम पंचायत उकवा से जानकारी प्राप्त करें।*

विनीत

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रिति सहारे, सहायक सचिव | भजन वल्के, सचिव | शिवशंकर तिवारी, उपसरपंच | रामबती उयके, सरपंच |

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत उकवा